राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गांव का दौरा किया

स्मार्ट गांव में सभी लोग स्वावलम्बी हो

–राज्यपाल

जयपुर, 8 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि स्वच्छ और स्वस्थ गांव ही स्मार्ट बन सकता है। इसके लिए सभी ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट गांव के सभी लोगों को स्वावलम्बी होना भी आवश्यक है। श्री मिश्र ने कहा कि ग्रामवासियों को स्वावलम्बी बनाने में विश्वविद्यालय को अग्रणी भूमिका निभानी होगी।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मिश्र शुक्रवार को जोधपुर में जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव नान्दडा कल्ला में ग्रामीणों को सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और प्रदेश की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने गांव में चिली का पौधा लगाया। राज्यपाल श्री मिश्र ने गांव में विश्वविद्यालय द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राज्यपाल श्री मिश्र गांव में लगभग दो घंटे तक रहे।

विश्वविद्यालय ग्रामवासियों को रोजगार का प्लेटफार्म उपलब्ध कराये – राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक और अधिकारी गांव में प्रतिभाओं को तलाशे और युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए उनकी प्रतिभा के अनुसार प्लेटफार्म उपलब्ध करावे। राज्यपाल ने कहा कि गांव में सिलाई–बुनाई, मोबाइल मरम्मत, सोयाबीन से दूध व पनीर बनाने जैसे छोटे–छोटे उद्योग आसानी से लगाये जा सकते है। जोधपुर सूर्य नगरी है, यहां के गांवों को सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना चाहिए।

आधारभूत ढांचा विकसित करें – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि विश्वविद्यालय हर ढाई वर्ष में नया गांव गोद ले। गांव में आधारभूत ढांचा विकसित करे। गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी और बिजली की व्यवस्था पर ध्यान देना जरूरी है। यह गांव की आधारभूत आवश्यकताएं है। श्री मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय को गांव के खेतों की मिट्टी का परीक्षण करा कर संबंधित किसान को उसके बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध करानी होगी। सभी ग्रामवासियो का आधार कार्ड बनाने, हर घर में शौचालय निर्माण और गांव में कचरा संग्रहण की व्यवस्था को भी विश्वविद्यालय प्रशासन को सुनिश्चित करना होगा।

गोद लिए गांव को छोड़े नही विश्वविद्यालय – राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय गोद लिए गए गांव में ढाई वर्ष कार्य करे और फिर नया गांव गोद लेकर उसे भी ढाई वर्ष में विकसित करने का प्रयास करें। श्री मिश्र ने कहा कि ढाई वर्ष के उपरांत विश्वविद्यालय को गोद लिया गया गांव छोड़ना नही है। नये गोद लिए गांव के साथ पुराने गांव में भी निरन्तर कार्य करना होगा।

ग्रामवासियों के पास राज्यपाल श्री मिश्र स्वयं गये – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंच से ग्रामवासियो को सम्बोधित किया और फिर मंच से उतर कर स्वयं लोगों के बीच पहुंचे। श्री मिश्र ने ग्रामवासियों से कहा कि लोग अपने स्थान पर बैठे रहे, वे स्वयं उनके पास आकर बात करेंगे।

राज्यपाल श्री मिश्र सबसे पहले गांव के विद्यालय के बालक–बालिकाओं के पास गये, उनसे नाम पूछा, स्कूल–परिवार की जानकारी ली और पढ़ाई के बारे में चर्चा की। राज्यपाल श्री मिश्र ने गांव की चौपाल पर बने पांडाल में बैठे एक–एक व्यक्ति के पास जाकर बात की।

राज्यपाल श्री मिश्र की इस पहल से ग्रामवासी रोमांचित हुए। सभी ग्रामवासियों ने राज्यपाल से अपने मन की बात की। राज्यपाल ने भी सभी लोगों को धैर्यपूर्वक सुना और उनकी समस्या के निस्तारण के लिए विश्वास जताया।

गांव में आई टी आई की मांग पर राज्यपाल श्री मिश्र ने गांव वासियों से कहा कि ग्रामीणों की यह सोच अच्छी है। इसके लिए प्रयास किया जायेगा ताकि गांव के युवक–युवतियों को रोजगार के लिए प्रशिक्षण गांव में ही मिल सके।

स्वयं सहायता समूह बनाये जायें – राज्यपाल श्री मिश्र ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव में महिला और पुरूषों के स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जावे। उन्होंने कहा कि इसके लिए ग्रामीणों को पूरी जानकारी और सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाये।

कार्यक्रम में कुलपति श्री बी.आर. चौधरी ने गांव में कराये गए विकास कार्यो की जानकारी दी। नोडल अधिकारी श्री जे.आर. विश्नोई ने गांव के विकास का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। गांव के सरपंच श्री हनुमानाराम ने राज्यपाल का साफा पहनाकर और श्रीमती सत्यवती मिश्र का शाल भेंट कर अभिवादन किया। इस मौके पर जिला प्रमुख श्री पूनाराम चौधरी और मण्डोर प्रधान श्रीमती ऊषा छावा, संभाग व जिले के अधिकारीगण सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

राज्यपाल को स्मार्ट गांव नेवरा रोड की पुस्तिका भेंट–राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को शुक्रवार को यहां सर्किट हाऊस में कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा गोद लिए गए गांव नेवरा रोड पर सम्पादित गतिविधियों के ब्यौरा पर आधारित पुस्तिका भेंट की। राज्यपाल श्री मिश्र को यह पुस्तिका कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति श्री बी आर चौधरी ने भेंट की।

राज्यपाल अजनेश्वर आश्रम गये – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और प्रदेश की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने शुक्रवार को यहां अजनेश्वर आश्रम में पूजा–अर्चना कर संतो से आर्शीवाद लिया तथा प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।

जोधपुर पहुंचने पर राज्यपाल का स्वागत – जोधपुर हवाई अड्डे पहुंचने पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र का संभाग व जिलों के अधिकारियों ने भाव–भीना स्वागत किया।

राज्यपाल शनिवार को जयपुर लोटेग्रे – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शनिवार को प्रातः 10 बजे जोधपुर एयरपोर्ट से राजकीय वायुयान द्वारा जयुपर के लिए रवाना होंगे।

————————

डा0 लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक(जन संपर्क), राज्यपाल